आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान को बताया राष्ट्र का मार्गदर्शक– कहा–समय की हर कसौटी पर खरा उतरा संविधान।
- न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं।
- प्रदेश में बर्फबारी के बाद 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 2 सौ से अधिक सड़कें अभी भी बंद– शीतलहर जारी।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के आगामी 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। और अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट......

*<u>मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संविधान हमारे लिए किसी मार्गदर्शक से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट कॉस्टीट्यूशन सेवंटी फाईव डॉट कॉम के नाम से एक विशेष वैबसाइट बनाई गई है। उन्होंने श्रोताओं से इस वैबसाइट को देखने का आग्रह किया। प्रयागराज में आगामी 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए संगम तट पर जोर–शोर से तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने लोगों से इस महाकुम्भ में बढ़चढ़ कर भाग लेकर एकता के संकल्प को मज़बूत करने की अपील की। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष जताया कि भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों की भागीदारी से ही ये सफलता मिली है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वर्ष में भारत नई ऊंचाईयों को छुएगा।</u> प्रभा शर्मा, आकाशवाणी समाचार, शिमला।*

<u>शपथ</u>

न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला स्थित राजभवन में नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और मंत्रिमण्डल के सदस्यों सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। न्यायमूर्ति संधावालिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से उनका पुराना नाता है और पड़ोसी राज्यों की तुलना में इस प्रदेश में अपराध काफी कम है। उन्होंने कहा कि सभी को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा और लंबित मामलों के निपटारे के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया का विस्तृत अनुभव व दृष्टिकोण प्रदेश को लाभान्वित करने सहित न्याय की भावना को और ऊंचाई प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए राज्य सरकार अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने शिमला में बताया कि बेहतर शिक्षा के लिए सरकार ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के 6 स्थानों पर इन स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल में प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक कम से कम एक हज़ार विद्यार्थियों को समायोजित करने की क्षमता होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों को हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम और स्वीमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

समीक्षा बैठक

भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर एक समीक्षा बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित राष्ट्रीय स्तर के नेता व सभी प्रदेशों के अध्यक्ष के अलावा अन्य नेता भी इस दौरान मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य मंडल, ज़िला और राज्य कार्यालय धारकों के चुनावों पर ध्यान केन्द्रित करना है। पार्टी का लक्ष्य आगामी 15 जनवरी तक 50 प्रतिशत राज्यों में मंडल, जिला और राज्य के पदों के लिए चुनाव संपन्न कराना है। प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन और पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल भी बैठक में मौजूद रहे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य सरकारी योजनाओं के तहत निशुल्क दी जाने वाली दवाओं की आपूर्ति पर संकट आ गया है क्योंकि सरकार द्वारा दवा आपूर्ति करने वालों को धन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने हिमकेयर और आयुष्मान योजनाओं का बजट भी रोक रखा है जिसके चलते हार्ट के ऑपरेशन भी रोके जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा दिए जा रहे बजट को भी प्रदेश सरकार खर्च नहीं कर पा रही है जो समझ से परे है। जयराम ठाकुर ने कहा कि दवा आपूर्तिकर्ता सरकार व अधिकारियों को पत्र लिखकर बार–बार भुगतान की मांग कर रहे हैं लेकिन इस दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

नववर्ष तैयारी

क्रिसमस के बाद प्रदेश में नए साल के जश्न को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल का रूख कर रहे हैं। प्रदेश के होटलों में आगामी 4 जनवरी तक कमरों की एडवांस बुकिंग चल रही है। राजधानी शिमला, पर्यटन नगरी मनाली, धर्मशाला, खजियार और कसौली के साथ–साथ अन्य स्थलों पर भी सैलानियों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।

इधर राजधानी शिमला में पिछले 3 दिनों में करीब 60 हज़ार पर्यटक वाहन पहुंचे हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि पर्यटकों व स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

नववर्ष को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि 7 दिन के राष्ट्रीय शोक के चलते पर्यटकों को शिमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को नहीं मिलेंगे।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्के बादल छाए हुए हैं। हाल ही में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के चलते अभी भी प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 2 सौ से अधिक सडकें पूरी तरह से बंद पड़ी हैं। रिकांगपिओ से हमारे संवाददाता के अनुसार किन्नौर ज़िले में करीब 90 संपर्क मार्ग अवरूद्ध हैं जिन्हें बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बर्फबारी के चलते ज़िले के अधिकांश स्थानों पर विद्युत आपूर्ति भी बाधित है। ताज़ा हिमपात के बाद प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। इस बर्फबारी और वर्षा से किसान व बागवान खुश हैं और अच्छी फसल की उम्मीद लगा रहे हैं। वहीं, नव वर्ष को लेकर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर घूमने आए पर्यटक भी बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक प्रदेश में मौसम साफ बने रहने की संभावना जताई है जबकि इस दौरान 5 ज़िलों में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## कार्रवाई

कांगड़ा ज़िले में ट्रैकिंग आदेशों की अवहेलना करने पर 4 ट्रैकिंग गाईड्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ये ट्रैकिंग गाईड्स एक दल को ट्रैकिंग के लिए त्रियुंड साइट की ओर ले जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा प्रतिकूल मौसम के चलते ज़िले के ऊपरी क्षेत्रों की सभी ट्रैकिंग गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है।